प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों के दौरे के तहत आज सुबह ब्राजील पहुंचे। उनका रियो डी जेनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम है। सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर भारत की स्थिति प्रस्तुत करेंगे। श्री मोदी जी–20 के पिछले वर्ष नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र के परिणामों के साथ–साथ हाल के वर्षों में भारत द्वारा आयोजित वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के परिणामों पर भी चर्चा करेंगे। इस वर्ष के जी–20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक न्यायसंगत विश्व और एक सतत ग्रह का निर्माण' है। शिखर सम्मेलन के अलावा श्री मोदी का अन्य देशों के नेताओं के साथ बैठकें करने का भी कार्यक्रम है।

000000

परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह के बलिदान दिवस पर आज जोधपुर में उनकी याद में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी के तहत पावटा चौराहा स्थित परमवीर मेजर शैतानसिंह सर्कल पर सैन्य अधिकारियों, सैनिको, सेवानिवृत अधिकारियों, गौरव सेनानियों और आम नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मेजर शैतान सिंह को नमन करते हुए सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले वीर सपूत की गौरव गाथा हमेशा देशवासियों को राष्ट्र आराधना के लिये प्रेरित करती रहेगी। गौरतलब है कि 1962 के भारत– चीन युद्ध मे मेजर शेतान सिंह ने साहस और वीरता का परिचय देते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

000000

जयपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। जयपुर की स्थापना आज ही के दिन वर्ष 1727 में हुई थी। राज्यपाल हरिभाऊ किसन राव बागडे ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि जयपुर विश्वभर में भारतीय वास्तु संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नगर–नियोजन के पुरोधा विद्याधर भट्टाचार्य ने विश्व विरासत में शामिल जयपुर जैसा सुव्यवस्थित और आधुनिक नगर बसाया था। श्री बागडे ने लोगों से शहर की वास्तु संस्कृति और सौंदर्य के साथ स्वच्छता के लिए भागीदारी का आह्वान किया। स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आज सुबह मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में विशेष पूजन के साथ ही महाआरती की गई। वहीं गोविंद देवजी मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। शाम को अल्बर्ट हॉल पर जयपुर लोकरंग उत्सव का आयोजन किया जायेगा। लोकरंग में 150 से ज्यादा लोक कलाकार राजस्थानी लोक गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुति देंगे। इनमें विश्व प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो सपेरा और गायक थानू खा की पेशकश शामिल है। इस दौरान लोक कलाकारो का सम्मान भी किया जाएगा।

000000

केकड़ी जिले में दिव्यांगजन के लिए आज से उपखण्ड स्तर पर शिविर लगाये जा रहे है। 20 नवंबर तक चलने वाले इन शिविरों में कृत्रिम अंग और उपकरण के लिए आवेदन लिये जा रहे है। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सक दल दिव्यांगता की जांच कर उपकरणों की अनुशंसा करेंगे। ये शिविर भिनाय, सावर, केकड़ी, सरवाड़ और टोडारायसिंह में लगाये गये है।

000000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतर स्थानों पर तापमान 11 से 15 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सबसे कम 9 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में भी पारा गिरकर 14 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया। कई स्थानों पर सुबह घना कोहरा भी छाया रहा। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000